# सनी सर सेट पर मुझे अपना बच्चा ही समझते थे: सहर बांबा

फिल्म पल पल दिल के पास से अपनी फिल्मी करियर की शुरुआत करने जा रहीं सहर बांबा अपने डेब्यू को लेकर खासी उत्साहित हैं। शिमला के एक छोटे कस्बे से ताल्लुक रखने वाली सहर मानती है उनके लिए पल पल दिल के पास से उनका डेब्यू करना किसी सपने के जैसा है।

सहर के अनुसार, बारहवीं के बाद ही मैं मुंबई आ गई थी और यहां पढ़ाई के साथ-साथ ऐक्टिंग के लिए भी ट्राई कर रही थी। इस दौरान मैंने बहुत से ऑडिशंस दिए लेकिन कहीं बात नहीं बन पा रही थी। इसी बीच मैंने टाइम्स फ्रेश फेस के लिए फॉर्म भरा।

मैं इसे ही अपनी लाइफ का टर्निंग प्वाइंट मानती हूं क्योंकि खिताब जीतने के बाद मुझे कई कास्टिंग डायरेक्टर्स के कॉल आने लगे। पल पल के साथ जुड़ने पर सहर कहती हैं, मुझे यकीन नहीं होता कि मैं सनी देओल सर के साथ काम कर रही हूं। मैंने तो ऑडिशन के दौरान ही हार मान ली थी मुझे लगा था मेरा सिलेक्शन नहीं होगा। उस दिन मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा सब सनी सर ने मुझे बुलाकर कहा कि वेलकम, अब आप हमारे साथ हैं। एक न्यूकमर के लिए इससे अच्छी बात क्या हो सकती है कि उन्हें सनी देओल के डायरेक्शन में काम करने का मौका मिले। शूटिंग से जुड़े अपने एक्सपीरियंस थे सहर कहती हैं, शूटिंग के ज्यादातर लोकेशंस काफी रियल है। हम पहाड़ों पर चढ़कर सुबह के 4 बजे शूटिंग करने जाया करते थे। रस्सी से लटकना, पानी में कूदना यह सब काफी टफ एक्सपीरियंस रहा है। इस दौरान एक बात बहुत अच्छी थी सनी सर मुझे बिल्कुल अपने बच्चे की तरह ट्रीट कर रहे थे। उन्होंने मुझमें और करण में कोई अंतर नहीं समझा।

वहीं नेपोटिज्म पर सहर का कहना है, मैं गलत हूं कि अगर यह कहूंगी कि इंडस्ट्री में नेपोटिज्म नहीं है। मैं इससे इनकार नहीं कर सकती। साथ ही मैं भी यह मानती हूं कि आपको इस चीज को लेकर बैठना नहीं चाहिए आपको एक्सेप्ट करना चाहिए जो है और अपनी मेहनत पर यकीन होना चाहिए। इस फिल्म से जुड़ने से पहले मैंने कई बार इन सब चीजों का सामना किया है। लेकिन सेट पर कहीं पर भी मुझे एहसास नहीं हुआ कि मैं आउटसाइडर हूं। हमें बराबर का ट्रीटमेंट मिला करता था। इसलिए मैं कंप्लेन नहीं कर सकती। उल्टा सनी सर कई बार हमारे साथ बैठकर फिल्म इंडस्ट्री की बहुत सारी इंटरेस्टिंग बातें शेयर किया करते थे अपने एक्सपीरियंस शेयर करते थे, जो मेरे लिए प्रेरणादायक था।



## साहो की सफलता के लिए फैन्स को प्रभास ने कहा थैंक्स

साउथ सुपरस्टार प्रभास और श्रद्धा कपूर स्टारर साहो' ने दुनिया भर में 350 करोड़ की कमाई कर ली है। इस मौके पर प्रभास ने अपनी फिल्म की सफलता के लिए अपने फैन्स का थैंक्स कहा है। प्रभास की फैन फॉलोइंग दुनिया भर में है और 'साहो की सफलता ने यह साबित कर दिया है। वहीं फिल्म के हिंदी वर्जन ने छठवें दिन कुल109 करोड़ रुपए कमाए। हॉलिडे रिलीज न मिलने के बावजूद पहले वीक में फिल्म का कलेक्शन अच्छा रहा। फिल्म की सफलता के खुश प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लिखकर अपने फैन्स को धन्यवाद दिया है। ऐक्टर ने लिखा, मेरे प्यारे प्रशंसकों और दर्शकों, साहो को सभी बिना शर्त प्यार देने के लिए धन्यवाद। आप सभी प्रशंसा और आपकी अविश्वसनीय प्रतिक्रिया के कारण है यह फिल्म इस मुकाम तक पहुंच पाई है।आप सभी को ढेर सारा प्यार! बता दें कि साहो साउथ इंडस्ट्री की चौथी फिल्म है जिसने हिंदी मार्केट में 100 करोड़ का मार्क छुआ है। फिल्म 350 करोड़ के बजट से बनी है और बताया जा रहा है कि हमारे देश में बनी दूसरी सबसे महंगी फिल्म है। फिल्म को सुजीत ने लिखा और डायरेक्ट किया है। वहीं इस फिल्म में प्रभास और श्रद्धा के अलावा नील नितिन मुकेश, अरुण विजय, चंकी पांडे, जैकी श्रॉफ, महेश मांजरेकर, मंदिरा बेदी, इवलिन शर्मा जैसे स्टार्स हैं। इस फिल्म को 350 करोड़ के भारी भरकम बजट में तैयार किया गया था और इसलिए लोग फिल्म से उतना ही धमाकेदार मनोरंजन की उम्मीद भी लगाए बैठे थे।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# गंदी बात 3 फेम शीवा राणा ने इंस्टाग्राम पर शेयर की है बेहद बोल्ड तस्वीरें

**अभिनेत्री शीवा राणा हाल ही में ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज गंदी बात 3 में नजर आईं थी. इस सीरीज में उनके बोल्ड लुक की काफी चर्चा है. बीते दिनों गंदी बात-3 का ट्रेलर रिलीज किया गया था, इस ट्रेलर में शीवा के लिए एक से बढ़कर एक बोल्ड सीन फिल्माए गए थे. ट्रेलर के लॉन्च के बाद से ही लोगों के दिलों में शीवा को लेकर उत्सुकता बनी हुई थी. वहीं स्क्रीन के इतर अभिनेत्री के रियल लाइफ की बात करें तो शीवा असल जिंदगी में भी बेहद बोल्ड हैं. उन्होंने हाल ही में एक म्यूजिक वीडियो को दौरान गोवा में शूट की गई तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है. शीवा राणा की बोल्डनेस की बात करें तो उन्होंने गंदी बात में टॉपलेस होकर बोल्ड सीन फिल्माने से भी गुरेज नहीं किया है. इस वेब सीरीज की शूटिंग के दौरान उनका एक बोल्ड सीन भी इंटरनेट पर लीक हो गया था. तस्वीरों से साफ जाहिर हो रहा है कि शीवा एक्टिंग करने के अवाला ऑफ-स्क्रीन भी काफी बोल्ड हैं. उनका सोशल मीडिया अकाउंट देखें तो पूरा का पूरा उनकी हॉट, बोल्ड और बिकिनी तस्वीरों से पटा हुआ है. शीवा की तस्वीरें और वीडियो का उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है. वह जहां भी जाती हैं अपनी चाहनेवालों के बीच अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती हैं.**